@Fair Report @Fair_report @fairreportnews @Fair report

# FAIR REPORT

THE DAWN OF A FEARLESS PEN

Jaipur, Wednesday, 06 May 2026

PRGI No. - RNI- RJBIL/25/A1808| Vol 1 | Issue No.- 231 Pages 04 | ₹3.00



## GRUELING SUMMER

A white tiger quenches its thirst from a pond in its enclosure amid scorching heat at National Zoological Park in New Delhi, Tuesday.

## Cabinet Clears ECLGS 5.0, Boosting Credit Lifeline for MSMEs

FAIR REPORT

**New Delhi:** In a significant move to bolster India's economic resilience, the Union Cabinet has approved the fifth phase of the Emergency Credit Line Guarantee Scheme (ECLGS 5.0), reaffirming its focus on sustaining businesses amid challenging global conditions.

The scheme aims to facilitate additional credit flow to enterprises, particularly in the micro, small and medium enterprises (MSME) sector, through enhanced government-backed guarantees. Officials said the expanded framework is designed to ease liquidity constraints, enabling businesses to stabilise operations and pursue growth opportunities.

ECLGS 5.0 is expected to benefit a wide range of sectors, many of which continue to face pressure from external economic headwinds. By reducing lenders' risk exposure, the scheme encourages financial institutions to extend timely and accessible credit to businesses in need.

Policy analysts note that the initiative underscores the government's continued emphasis on supporting entrepreneurship, maintaining growth momentum, and protecting livelihoods, especially in a climate of global uncertainty.

## TMC Leader Assaulted by Locals, Power Image Shattered

FAIR REPORT

**New Delhi:** A local Trinamool Congress (TMC) leader, Shyamal Mitra, was allegedly assaulted by residents in a dramatic turn of events that has sparked political ripples. Once perceived as an assertive and influential figure during the tenure of Mamata Banerjee's government, Mitra is now at the centre of controversy following the incident.

According to preliminary reports, tensions had been building between Mitra and sections of the local community over alleged high-handed behaviour. The situation escalated when a group of residents confronted him, leading to a physical altercation. Eyewitnesses claimed that anger among locals had been simmering for some time before erupting. Police have initiated an inquiry into the incident, though no official statement has yet confirmed the sequence of events. Political observers say the episode reflects shifting ground realities, where grassroots discontent can quickly translate into direct action, challenging once-dominant local power structures.

## Rajasthan plans bus terminal overhaul; PPP-led 'bus ports' to anchor transport push

FAIR REPORT
HEMRAJ TIKAMCHAND

**Jaipur:** The Rajasthan government on Tuesday unveiled an ambitious plan to redevelop bus terminals across the State, with Chief Minister Bhajan Lal Sharma directing officials to build modern "bus ports" through public-private partnerships (PPP).

At a high-level meeting at the Chief Minister's Office, Sharma said the initiative aims to strengthen public transport infrastructure, improve passenger experience, and spur local economic activity. The proposed bus ports, to be developed at select district headquarters, are expected to serve as key regional transit hubs with upgraded amenities and streamlined operations.

Officials said cities including Udaipur, Bikaner, Bharatpur, Alwar, Chittorgarh, Bhilwara, Beawar, Ajmer, and Bundi have been identified for the first phase, in line with budget announcements.

The Chief Minister emphasised the need for a comprehensive plan covering efficient operations, coordinated services between state-run and private buses, and long-term maintenance frameworks.

Senior officials, including Chief Secretary V. Srinivas and Additional Chief Secretary Akhil Arora, attended the meeting.

## Bhajan Lal Sharma Meets Assembly Speakers, Focus on Legislative Reforms

FAIR REPORT

**Jaipur:** Rajasthan Chief Minister Bhajan Lal Sharma on Tuesday met Speakers of various State Legislative Assemblies at the Constitution Club, where they had gathered to attend a meeting of the committee of presiding officers reviewing the committee system of legislative bodies.

The interaction, held in Jaipur, focused on strengthening legislative functioning and enhancing the effectiveness of committee mechanisms across States. Rajasthan Assembly Speaker Vasudev Devnani was present during the discussions.



Mr. Sharma later attended a special dinner hosted in honour of the visiting Speakers from Madhya Pradesh, Uttar Pradesh, Himachal Pradesh, Odisha, and Sikkim. The gathering served as a platform for deliberations on key governance and parliamentary issues.

The Deputy Chief Minister, Parliamentary Affairs Minister, Chief Whip, and Leader of the Opposition were also present, reflecting a broad-based participation in the discussions.

Officials described the meeting as a constructive engagement aimed at strengthening democratic institutions and improving the role of legislative committees in governance.

## Speeding SUV Drags Woman in Jaipur, Leaves Her Critical

FAIR REPORT

**Jaipur** A 35-year-old woman is battling for life after a speeding Mahindra Thar struck her scooter and dragged her for nearly 20–25 feet in the Mansarovar area on Tuesday morning, raising fresh concerns over road safety in the city.

The victim, Neha Srivastava, a resident of Vijay Path, was on her way to a nearby market when the accident occurred around 11:36 a.m. near a State Bank of India branch. According to initial reports, the SUV, coming from the opposite direction, collided with her as she attempted to take a turn, and dragged her along after the impact. She sustained critical injuries and is currently on ventilator support at a hospital, officials said. CCTV footage of the incident has surfaced, showing the severity of the crash, as locals rushed to help the injured woman. Police have launched an investigation to determine the cause of the accident, including the speed of the vehicle and possible negligence.

## A Nation Reimagined: The Spirit of India Towards 2047



*Hemraj Tikam chand Tiwari*

*By Special Feature Desk*

FAIR REPORT

Nations are not built merely by infrastructure, policies, or economic milestones; they are shaped by the invisible thread of collective consciousness. India, for decades after independence, carried within it a paradox—unity in diversity, yet often fragmented in sentiment. Regional identities and linguistic pride, though vital, often overshadowed a shared national feeling.

As India approaches 2047, a subtle but significant shift is underway. The idea of India is being rearticulated—not as a collection of competing identities, but as a civilizational whole bound by a common destiny. At the center of this shift stands Narendra Modi, whose leadership has consistently emphasized emotional integration alongside economic growth.



To many supporters and observers, Modi's approach carries a near-transformational quality. His articulation of "Ek Bharat, Shreshtha Bharat" has not merely been a slogan, but an attempt to transcend the long-standing binaries of North versus South or region versus region. Through cultural outreach, national campaigns, and a direct style of communication, he has sought to instill a sense of belonging that rises above linguistic and geographical divides.

What appears noteworthy is the renewed assertion of a shared Indian identity in public discourse. Festivals, traditions, and regional cultures are increasingly being celebrated at a national level, reinforcing the idea that diversity hun strengthens rather than fragments the nation. In this sense, Modi's leadership is often viewed by his supporters as a catalyst—one that has ignited a deeper emotional connection with the nation.

Yet, the journey toward a fully unified national consciousness remains ongoing. India's strength lies in its plurality, and true unity will always require continuous dialogue and mutual respect.

The vision of a developed India by 2047, therefore, is not only about economic progress, but about nurturing this evolving spirit of oneness. If this momentum continues, India may well achieve not just prosperity, but a rare philosophical ideal—a nation where unity is not enforced, but genuinely felt.

**मीडिया से बातचीत :** डोटासरा बोले- बीजेपी की साजिश हमने एसआईआर में भी नहीं चलने दी और आने वाले चुनाव में भी नहीं चलने देंगे

# 'बंगाल में लोकतंत्र को लूटा, बीजेपी नेताओं को पूरा भरोसा है राजस्थान चुनाव में धांधली कर लेंगे'

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा- राजस्थान में बीजेपी नेताओं को पूरा भरोसा है कि जिस तरह बंगाल में धांधली कर जीते हैं। वैसा ही राजस्थान में कर लेंगे, इसीलिए राजस्थान सरकार कोई काम नहीं कर रही है। उन्होंने कहा- जिस तरह बंगाल में लोकतंत्र को लूटा गया, उसी तरह हम राजस्थान में कर लेंगे।



जयपुर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मंगलवार को डोटासरा मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान डोटासरा ने कहा- कान खोलकर सुन लो बीजेपी वालों। हम जान दे सकते हैं, लेकिन संविधान पर आंच नहीं आने देंगे।

डोटासरा ने कहा- बंगाल में लोकतंत्र की हत्या की गई, वोट लूटकर दादागिरी से सरकार बनाई गई, तानाशाही से बनाई गई। एजेंसियों के दुरुपयोग और चुनाव आयोग के सहयोग से सत्ता बनाई गई। बीजेपी की साजिश हमने एसआईआर में भी नहीं चलने दी और आने वाले चुनाव में भी नहीं चलने देंगे। संविधान में जो लोगों को वोट का अधिकार दिया है, उस अधिकार का सदुपयोग हो और लोग अपनी इच्छा से वोट कर सकें, ऐसी व्यवस्था हम करेंगे।

### एसआई भर्ती में निर्दोष उम्मीदवारों के लिए कुछ नहीं किया

गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा- एसआई भर्ती में क्या हुआ। हम पर आरोप लगाते थे। आपने उन लोगों को विश्वास दिलाया था, जो दूसरी नौकरियों से आकर जॉइन करने वालों को राहत देने का वादा किया था। एसआई भर्ती में मेहनत से जिन्होंने परीक्षा पास की, उन निर्दोष उम्मीदवारों के बारे में सरकार ने अब तक कुछ नहीं किया है। डोटासरा ने कहा- सरकार केवल एक ही रट लगा रही है कि पेपरलीक नहीं होने दिया। ढाई साल हो गए, अब तक तो दोषियों को पकड़कर अंदर कर देना चाहिए था। जगदीश विश्नोई के बारे में कह रहे थे कि वो आ जाएगा, उस दिन डोटासरा अंदर होगा। पता नहीं कौन-कौन अंदर होगा, मगरमच्छ पकड़े जाएंगे। जगदीश जमानत पर रिहा हो गया, तुम क्या पैरवी कर रहे हो? तमाशा बना रखा है।

### पश्चिम बंगाल में एसआईआर के जरिए भारी गड़बड़ियों को अंजाम दिया गया

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा- पश्चिम बंगाल में एसआईआर के जरिए साजिश करके एक करोड़ 36 लाख लोगों को नोटिस दिए गए। 20 लाख लोगों को वेटिंग लिस्ट में डाल दिया गया और उन्हें अपील करने का मौका भी नहीं दिया गया। उन सभी को निर्णयाधीन कैटेगरी में डाल दिया गया, जिससे वे अपना वोट नहीं डाल सके।

डोटासरा ने कहा- चुनाव के चलते 400 से ज्यादा अधिकारियों को बदल दिया गया और आरोप लगाए गए कि ये अधिकारी टीएमसी के इशारे पर काम कर रहे थे। चुनाव आयोग ने कभी भाजपा शासित राज्यों के अधिकारियों को भी चेंज किया है क्या? पश्चिम बंगाल में मुख्य सचिव, डीजीपी तक बदल दिए गए। वोटिंग से 2 दिन पहले डीजीपी पर ईडी की कार्रवाई होती है। जिस तरह की स्थिति पश्चिम बंगाल में बनी है, वह लोकतंत्र के लिए बहुत ही खतरनाक है।

---

**आरोप-प्रत्यारोप :** बंगाल चुनाव को लेकर भाजपा व कांग्रेस नेता कर रहे एक दूसरे पर राजनीतिक हमला

# विपक्ष जनादेश का कर रहा अपमानः राठौड़

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे आरोपों और निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर उठाए गए सवालों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। राठौड़ ने कहा कि भारत का लोकतंत्र विश्व में अपनी पारदर्शिता और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया के लिए जाना जाता है और इस पर सवाल उठाना लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने का प्रयास है। राठौड़ ने कहा कि देश में चुनाव पूरी तरह व्यवस्थित, निष्पक्ष और संवैधानिक ढांचे के तहत संपन्न होते हैं। भाजपा ने हमेशा सेवा, समर्पण और संघर्ष के बल पर जनता का विश्वास अर्जित किया है और हर परिस्थिति में जनादेश का सम्मान किया है। इसके विपरीत, कुछ विपक्षी दल अपनी हार को स्वीकार करने के बजाय



जनादेश पर ही प्रश्नचिह्न लगा रहे हैं, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है और लोकतंत्र के प्रति अनादर को दर्शाता है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का भी उल्लेख करते हुए कहा कि हमें बदले की राजनीति से ऊपर उठकर विकास की राजनीति करनी चाहिए। राठौड़ ने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के कार्यकाल में राजनीतिक हिंसा की घटनाएं सामने आईं, भाजपा समर्थकों को निशाना बनाया गया, उनके घरों में तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाएं हुईं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने विपक्ष की दोहरी नीति पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि जहां उन्हें केरल और तमिलनाडु में मिली जीत पर गर्व है, वहीं पश्चिम बंगाल में हार के बाद वे निर्वाचन आयोग पर निराधार आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह चयनात्मक दृष्टिकोण दर्शाता है कि विपक्ष अपनी सुविधा के अनुसार लोकतांत्रिक संस्थाओं पर भरोसा करता है या उन्हें कठघरे में खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग एक स्वतंत्र और संवैधानिक संस्था है, जिसकी निष्पक्षता पर संदेह करना उचित नहीं है।

### डोटासरा के आरोपों पर पलटवार

मदन राठौड़ ने गोविंद सिंह डोटासरा द्वारा आरजीएचएस योजना को बंद करने के आरोपों पर कहा कि पानी, बिजली और चिकित्सा सेवाएं सरकार की मूल जिम्मेदारी हैं और इसी क्रम में आरजीएचएस भी जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाई जा रही योजना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का उद्देश्य इस योजना को बंद करना नहीं, बल्कि इसे अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाना है। राठौड़ ने कहा कि कुछ स्थानों पर योजना के दुरुपयोग की शिकायतें सामने आई थीं, विशेषकर आउटडोर सेवाओं के नाम पर अनावश्यक रूप से बड़े-बड़े बिल बनाए जा रहे थे। ऐसे मामलों में जांच के दौरान संबंधित सेवाओं को अस्थायी रूप से रोका गया, लेकिन जहां भी गड़बड़ी नहीं पाई जाएगी, वहां सेवाएं पुनः शुरू कर दी जाएंगी। यदि कहीं वास्तविक अनियमितता या भ्रष्टाचार सामने आता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, लेकिन आम जनता की सुविधाओं को प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा।

# ममता के अटूट किले को ढहा दिया राजस्थान के दिग्गज नेताओं ने

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

पश्चिम बंगाल में बीजेपी की ऐतिहासिक जीत में 'राजस्थान मॉडल' काफी कारगर साबित हुआ। सुनील बंसल, भूपेंद्र यादव और राजेंद्र राठौड़ ही नहीं, बल्कि राज्य के कई नेताओं ने बंगाल चुनाव में बखूबी काम किया। राजस्थान के इन नेताओं की फील्ड में सक्रिय मौजूदगी से बीजेपी को बड़ी सफलता मिली। बंगाल की इस जीत के बाद अब भाजपा इस "राजस्थान मॉडल" को एक सफल चुनावी फॉर्मूले के रूप में देख रही है, जिसे आने वाले अन्य राज्यों के चुनावों में भी लागू किया जा सकता है। उत्तर बंगाल में भाजपा की बढ़त इस चुनाव की सबसे बड़ी कहानी बनकर उभरी। केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने सिलीगुड़ी, दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार और कूच बिहार जैसे इलाकों में जनसंपर्क और बूथ



स्तर तक पहुंचने वाली रणनीति पर काम किया। इसका नतीजा यह रहा कि 28 सीटों में से 27 पर भाजपा ने जीत दर्ज कर एक तरह से क्लीन स्वीप कर दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभाएं और रोड शो का जिम्मा राजस्थान के राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने संभाला। इस दौरान अशोक परनामी ने भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं। जिन जिलों में प्रधानमंत्री की सभाएं हुईं, वहां करीब 75 प्रतिशत सीटों पर भाजपा की जीत हुई। यह आंकड़ा बताने के लिए काफी है कि ग्राउंड कनेक्ट और मैसेज डिलीवरी कितनी प्रभावी रही।

### कार्यकर्ता और नेतृत्व के बीच कड़ी बने जोशी

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी और उनकी टीम ने बंगाल में केंद्रीय नेतृत्व और स्थानीय कार्यकर्ताओं के बीच तालमेल का काम किया। चुनाव प्रबंधन का यह मॉडल केवल प्रचार तक सीमित नहीं था, बल्कि इसमें बूथ मैनेजमेंट, फीडबैक सिस्टम और माइक्रो प्लानिंग जैसे तत्व शामिल थे। आसनसोल में विधायक जितेन्द्र गोठवाल के नेतृत्व में भाजपा ने सभी 7 सीटों पर जीत हासिल कर पिछली बार के प्रदर्शन को कई गुना बेहतर किया।

---

# हाईकोर्ट ने प्रमुख शिक्षा सचिव और आरपीएससी सचिव से मांगा जवाब

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

राजस्थान हाईकोर्ट ने स्कूल व्याख्याता भर्ती- 2024 के एक प्रश्न की गलत जांच करने से जुड़े मामले में प्रमुख शिक्षा सचिव और आरपीएससी सचिव से जवाब तलब किया। साथ ही अदालत ने भूगोल विषय के व्याख्याता पद पर दी जाने वाली नियुक्तियों को याचिका के निर्णय के अधीन रखा है। जस्टिस आनंद शर्मा की एकलपीठ ने यह आदेश जसवंत सिंह की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता विजय पाठक ने अदालत को बताया कि आरपीएससी की ओर से भूगोल विषय के लिए आयोजित स्कूल व्याख्याता भर्ती-2024 की गत



जून माह में हुए लिखित परीक्षा में याचिकाकर्ता शामिल हुआ था। आयोग की ओर से मॉडल उत्तर कुंजी जारी कर प्रश्नों पर आपत्तियां मांगी। इसमें याचिकाकर्ता ने आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि प्रश्न संख्या 71 का जवाब आयोग ने विकल्प संख्या 2 को सही माना है, जबकि मान्यता प्राप्त पुस्तकों में इस सवाल का जो जवाब बताया गया है, वह विकल्प संख्या 1 का है।

इसके बावजूद भी आयोग की ओर से जारी अंतिम उत्तर कुंजी में विकल्प संख्या 2 के जवाब को ही सही माना गया। इसे चुनौती देते हुए कहा गया कि इसी सवाल को आयोग ने साल 2022 की स्कूल व्याख्याता भर्ती में पूछा था और उस समय आयोग ने विकल्प संख्या 1 के जवाब को सही माना था। दो साल में आयोग ने अपनी ओर से तय जवाब को ही बदल दिया। याचिका में यह भी कहा गया कि माइनस मार्किंग की इस परीक्षा में याचिकाकर्ता केवल 0.66 अंक से कट ऑफ से बाहर हो गया है। ऐसे में यदि इस सवाल का विकल्प संख्या 1 में बताए जवाब को सही माना जाए तो उसका चयन हो जाएगा। इस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब करते हुए नियुक्तियों को याचिका के निर्णय के अधीन रखा है।

## सहकारिता विभाग का सहायक-रजिस्ट्रार एक लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार



**FAIR REPORT**

**जयपुर**

एसीबी की अजमेर टीम ने मंगलवार को डीडवाना-कुचामन जिले में कार्रवाई की। टीम ने जिले की सहकारी समितियों के सहायक रजिस्ट्रार पीथदान चारण को 1 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी ने एक सहकारी सोसायटी में हुए गबन के मामले को हटाने के बदले यह रिश्वत मांगी थी। एसीबी महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया- परिवादी ने शिकायत दी थी कि सहकारी समितियां डीडवाना-कुचामन के सहायक रजिस्ट्रार पीथदान चारण उसे परेशान कर रहे हैं। परिवादी को राजस्थान सहकारी सोसायटी अधिनियम के तहत गबन के आरोपों के संबंध में नोटिस जारी हुए थे। इन नोटिसों का फैसला परिवादी के पक्ष में करने के बदले आरोपी अधिकारी ने एक लाख रुपए की डिमांड की थी।

# स्पीकर्स ने राजस्थान विधानसभा के भवन और म्यूजियम को बताया बहुत शानदार

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

जयपुर। राजस्थान विधानसभा परिसर में मंगलवार को पर्यावरण, आयुर्वेद एवं भारतीय ज्योतिष विज्ञान को समर्पित दो अनूठी वाटिकाओं 'हर्बल वाटिका' और 'नक्षत्र वाटिका' का विधिवत उद्घाटन किया गया। यह उद्घाटन राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने देश के पांच राज्यों के विधान सभा अध्यक्षगण के साथ किया। देवनानी ने कहा कि राजस्थान विधान सभा की स्थापना का यह वर्ष अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इस महोत्सव के तहत ही यह दो वाटिकाएं निर्मित की गई है। पांचों राज्यों के स्पीकर्स ने राजस्थान विधान सभा के भवन, सदन व म्यूजियम को शानदार बताते हुए कहा कि म्यूजियम ज्ञानवर्धक है। इस अवसर पर मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, उत्तरप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना, हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, ओडिशा विधानसभा की अध्यक्ष सुरमा पाढ़ी और सिक्किम



विधानसभा के अध्यक्ष मिंगमा नोर्बु शेरपा की विशिष्ट उपस्थिति रही। कार्यक्रम में राजस्थान के संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल और राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली भी उपस्थित रहे। सभी अतिथिगणों ने राजस्थान विधानसभा के सभागार और अत्याधुनिक डिजिटल म्यूजियम का अवलोकन किया।

### हर्बल वाटिका औषधीय ज्ञान का जीवंत केन्द्र, विजिटर्स बुक में सराहना अंकित

विधानसभा परिसर के उत्तर-पश्चिम दिशा में स्थापित हर्बल वाटिका का उद्देश्य स्वास्थ्य एवं आयुर्वेद के महत्व को रेखांकित करना और औषधीय पौधों के संरक्षण के प्रति जन जागरुकता बढ़ाना है। इस वाटिका में वैज्ञानिक पद्धति से निर्मित 8-13 फीट आकार की कुल 38 क्यारियों बनाई गई हैं, जिनमें 38 प्रकार की औषधीय प्रजातियों के 20 से 25 पौधे प्रति क्यारी में रोपित किए गए हैं। पांच राज्यों में विधान सभा अध्यक्षगण ने विजिटर्स बुक में अपने अनुभव और प्रशंसनीय सुझाव अंकित किए। अतिथियों ने हर्बल वाटिका, नक्षत्र वाटिका और डिजिटल म्यूजियम को राजस्थान विधानसभा की विशिष्ट व प्रेरणाप्रद उपलब्धि निरूपित किया। साथ ही, इसे भारतीय ज्ञान परम्परा, पर्यावरण संरक्षण और लोकतांत्रिक विरासत के संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय योगदान बताया।

### नक्षत्र वाटिका प्रकृति और खगोल विज्ञान का अद्भुत संगम

विधानसभा परिसर के दक्षिणी क्षेत्र में स्थापित नक्षत्र वाटिका भारतीय ज्योतिष एवं आयुर्वेद की समृद्ध परम्परा को समर्पित एक अनूठी संकल्पना है। भारतीय ज्योतिष और आयुर्वेद के अनुसार आकाशमण्डल में 27 नक्षत्र माने गए हैं, जिनका संबंध विशिष्ट वृक्षों से है। इस वाटिका में अश्विनी - कुचला, भरणी आंवला, कृतिका गूलर, रोहिणी जामुन, मृगसिर खैर, आर्दा शीशम, पुनर्वसु बांस, पुष्य पीपल, आश्लेषा नागकेसर, मघा बरगद, पूर्व फाल्गुनी पलाश, उत्तर फाल्गुनी पाकड़, हस्त जामली, चित्रा बेल, स्वाती अर्जुन, विशाखा कटाई/शमल, अनुराधा मौलश्री, ज्येष्ठा घीड़/सेमल, मूल साल, पूर्वाषाढा अशोक, उत्तराषाढ़ा कटहल, श्रवण शमी/आक, धनिष्ठा मदार, शतभिषा कदंब, पूर्व भाद्रपद आम, उत्तर भाद्रपद नीम और रेवती- महुआ के प्रतिनिधि वृक्ष रोपित किए गए हैं। यह वाटिका प्रकृति और खगोल विज्ञान के अद्भुत संगम की जीवंत रूप में प्रस्तुत करती है।

## 15 पेट्रोल पंपों पर मंत्री ने करवाई रेड, 3 पंपों के नोजल हुए सील

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

राजधानी जयपुर में उपभोक्ता मामलात मंत्री सुमित गोदारा के आदेश पर पेट्रोल पंपों की अचानक चेकिंग की गई। इस दौरान टीम को पता चला कि कुछ पंपों पर मीटर तो सही चल रहा था, लेकिन नोजल से तेल कम निकल रहा था। इस धांधली को देखते हुए विभाग ने तुरंत सख्त एक्शन लिया। प्रशासन की तीन अलग-अलग टीमों ने जयपुर के सबसे व्यस्त रास्तों को निशाना बनाया। अजमेर रोड, सीकर रोड और दिल्ली रोड पर स्थित कुल 15 पेट्रोल पंपों पर टीमें अचानक नाप-तोल की मशीनें लेकर पहुंच गईं। जांच के दौरान टीमों ने पाया कि तीन पेट्रोल पंपों पर मीटर में हेराफेरी कर तेल की मात्रा तय मानकों से काफी कम थी। मामला साफ होते ही अधिकारियों ने उन तीनों पेट्रोल पंपों के नोजल तुरंत सील कर दिए।

---

**पीठासीन अधिकारियों की समिति की बैठक :** समितियों को प्रभावी बनाने और विधायकों की भागीदारी बढाने पर हुई चर्चा

# विधान मंडल समितियों को बनाया जाएगा और अधिक सशक्त

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

देश के विधान मंडलों की समिति प्रणाली की समीक्षा के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा गठित सात पीठासीन अधिकारियों की उच्च स्तरीय समिति ने मंगलवार को कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान के मंथन सभागार में गहन विचार विमर्श किया।

समिति की बैठक का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बैठक में शामिल होने आए पांच राज्यों के अध्यक्षगण का अभिवादन



किया। समिति की बैठक के पश्चात राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया कि देश में सभी राज्यों के विधान मण्डलों की समितियों की कार्यप्रणाली में एकरूपता लाने के लिए समितियों के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि विधान मंडलों की समितियां सदन का लघु रूप होती है। समितियों में विधायकों की भागीदारी बढाने, उन्हें प्रभावी बनाने, उनके द्वारा किए जाने वाले परीक्षणों की प्रक्रिया समान बनाने, समितियों की रिपोर्ट पर राज्य सरकारों द्वारा कार्यवाही कराए जाने और प्रतिवेदनों पर सदन में चर्चा कराये जाने पर विचार विमर्श हुआ। बैठक में देश के विधान मंडलों की समितियों को सशक्त बनाने के लिए समिति प्रणाली पर मंथन हुआ।

देवनानी ने बताया कि सभी राज्यों की समिति की कार्य प्रणाली का अध्ययन कर लिया गया है। समितियों को सक्रिय किए जाने की आवश्यकता है। बैठक में तय किया गया है कि इस उच्च स्तरीय समिति द्वारा तैयार की जाने वाली रिपोर्ट को जून माह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को प्रस्तुत कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि लोकतंत्र में संसद व विधान सभा की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। लोकतंत्र की जीवतताओं और परम्पराओं का अधिक विकसित करने के लिए सभी विधानमण्डलों की समितियों की कार्यप्रणाली में एकरुपता लाया जाना आवश्यक है।

### समिति में इन्हें किया गया है शामिल

समिति में राजस्थान सहित मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, ओडिशा, सिक्किम और पश्चिम बंगाल विधान सभाओं के अध्यक्षों को शामिल किया गया है। समिति की यह द्वितीय बैठक थी, इससे पहले समिति की प्रथम बैठक भोपाल में हुई थी। समिति के सभापति मध्यप्रदेश विधान सभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर हैं। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना, हिमाचल प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, ओडिशा विधान सभा अध्यक्ष सूरमा पाढ़ी और सिक्किम विधान सभा अध्यक्ष मिंगमा नोबू शेरपा इस समिति के सदस्य है। पश्चिम बंगाल विधान सभा अध्यक्ष इस बैठक में शामिल नहीं हुए।

## एसीबी ने साइबर थाने के एएसआई और दलाल को रिश्वत लेते पकड़ा

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की डूंगरपुर इकाई ने मंगलवार को शहर में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए साइबर थाने के एक सहायक उपनिरीक्षक और उसके दलाल पूर्व पार्षद को 1 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

आरोपी एएसआई की ओर से साइबर फ्रॉड के एक मामले में बेटी के दामाद का नाम हटाने की एवज में रिश्वत ले रहे थे। एसीबी चौकी प्रभारी रतनसिंह राजपुरोहित ने बताया कि एक परिवादी ने चौकी पर उपस्थित होकर एक शिकायत की थी। जिसमें बताया था कि साइबर फ्रॉड से जुड़े एक प्रकरण में बेटी ओर दामाद के हटाने ओर प्रकरण में



मदद करने के लिए साइबर थाने का एएसआई मदनलाल पूर्व पार्षद डायालाल पाटीदार के माध्यम से 2 लाख रुपए रिश्वत की मांग कर रहा है। शिकायत पर एसीबी ने सत्यापन करवाया। सत्यापन के दौरान 1 लाख रुपए में सौदा तय हुआ। जिस पर डूंगरपुर एसीबी की टीम ने ट्रैप का जाल बिछाया और दलाल पूर्व पार्षद डायालाल पाटीदार और साइबर थाने के एएसआई मदनलाल को 1 लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। फिलहाल एसीबी की टीम की ओर से आरोपियों से पूछताछ की जा रही है ।

## ब्रीफ खबरें

### हिस्ट्रीशीटर के घर मिली लेपर्ड की खाल, जांच को देहरादून भेजी जाएगी



**उदयपुर।** जिले मेंआमली घाटी से हिस्ट्रीशीटर के घर से लेपर्ड की खाल बरामद हुई है। जांच में पता लगा कि लेपर्ड की खाल करीब 6 महीने पुरानी है। जो पूरी तरह से सूखी हुई है। पुलिस का कहना है कि खाल को देहरादून स्थित लैब में जांच के लिए भेजा जाएगा। जांच में पता लगेगा कि लेपर्ड की मौत कैसे और किन कारणों से हुई। माण्डवा थानाधिकारी चन्द्रपाल सिंह ने बताया- मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने हिस्ट्रीशीटर सविया पुत्र काला के आमलीघाटी स्थित घर पर 4 मई को 5 बजे दबिश दी थी। दबिश के वक्त घर पर कोई नहीं मिला। घर में तलाशी ली। लेपर्ड की खाल पड़ी मिली। इसे बरामद किया गया। चन्द्रपाल सिंह ने बताया- वन विभाग के अधिकारियों को भी मौके पर बुलाया गया। जांच में पता लगा कि लेपर्ड की मौत करीब 6 माह पहले हुई थी। खाल के सैम्पल देहरादून स्थित लैब में जांच के लिए भेजे जाएंगे। जांच में पता लगेगा कि लेपर्ड की मौत कैसे और किन कारणों से हुई। आरोपी हिस्ट्रीशीटर पर वन्यजीव संरक्षण का ये पहला मुकदमा है। इससे पहले उस पर मारपीट, आर्म्स एक्ट, झगड़े आदि के एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। हिस्ट्रीशीटर को पकड़ने के लिए टीमें लगा दी हैं। गिरफ्तारी के बाद पता लगेगा कि ये उसके पास कहां से आई।

### कलेक्टर ने किया थैलेसीमिया रोकथाम एवं जन जागृति के पोस्टर का विमोचन



**भीलवाड़ा।** थैलेसीमिया के रोकथाम एवं जन जागृति के लिए जिला कलेक्टर जसमीत संधू के सानिध्य में समर्पण फाउंडेशन द्वारा पोस्टर का विमोचन किया गया। पोस्टर विमोचन में विक्रम दाधीच, आलोक जाजू, संदीप जैन, अरुण यादव, सिद्दीका जैन, की उपस्थिति रही। विश्व थैलेसीमिया दिवस 8 मई को समर्पण फाउंडेशन एवं थैलेसीमिया रिलीफ सोसायटी द्वारा महात्मा गांधी अस्पताल भीलवाड़ा में प्रातः 10 बजे मनाया जाएगा। इस अवसर पर थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों का विशेषज्ञों की और से थैलीसीमिया से बचाव व सुरक्षा के लिए जागरूकता संगोष्ठी, रक्तदान शिविर मनोरंजन के लिए खेल कूद प्रतियोगिता आदि के साथ मनाया जायेगा। थैलेसीमिया दिवस पर जिला कलेक्टर जसमीत संधू, CMHO डॉ. संजीव शर्मा, मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल डॉक्टर वर्षा सिंह, PMO डॉ. अरुण गोड एवं थैलेसीमिया रिलीफ सोसायटी की चेयरपर्सन एकता ओस्तवाल के आतिथ्य में थैलेसीमिया पीड़ित एवं उनके परिजनों के साथ में मनाया जाएगा।

### डॉ. भारती के नेतृत्व, कार्यशैली और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान की सराहना



**आबूरोड।** माधव विश्वविद्यालय परिसर में मंगलवार को होम्योपैथिक विभाग एवं टीवीटीसीसी की निदेशक तथा टीपीसी की मुख्य समन्वयक डॉ. भारती देसाई का जन्मदिन समारोह मनाया गया। शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल जीवन की कामना की। डॉ. भारती देसाई ने सभी के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया, वहीं विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया और नेतृत्व, कार्यशैली एवं शिक्षा तथा स्वास्थ्य क्षेत्र में दिए जा रहे योगदान की सराहना की। इस अवसर पर चेयरमेन डॉ. राजकुमार ने कहा कि डॉ. भारती ने विश्वविद्यालय में शिक्षा, प्रशिक्षण एवं स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। चांसलर हिम्मत सिंह देवल, वाइस प्रेसीडेंट डॉ. सुशील भार्गव, रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत, होम्योपैथिक विभाग के अधिष्ठाता डॉ. भानु प्रताप सिंह, टीवीटीसीसी टीम प्रमुख महेंद्र सिंह गुर्जर, टीवीटीसीसी के अध्यक्ष शुभांशु व वर्ली पांचाल, महासचिव धवलसिंह जाला, कार्यक्रम समन्वयक विश्वास वर्सानी, सजावट प्रमुख महक चौहान, वित्त प्रमुख साक्षी देसाई, संचालन प्रमुख भगवती पटेल, तकनीकी प्रमुख कृष ठक्कर, आतिथ्य प्रमुख शगुफ्ता, प्रायोजन एवं जनसंपर्क प्रमुख वरुण पुरोहित सहित कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### विशेष अनुष्ठान: पहली बार हो रहा 48 दिवसीय भक्तामर का आयोजन

**भीलवाड़ा।** शहर के दिगम्बर जैन समाज के धार्मिक इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, मेन सेक्टर शास्त्रीनगर में पहली बार 48 दिवसीय, 24 घंटे का अखण्ड भक्तामर पाठ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष अनुष्ठान 1 मई से प्रारंभ हुआ यह आयोजन18 जून तक निरंतर चलेगा, जिसमें श्रद्धालु दिन-रात भगवान की स्तुति में लीन रहेंगे। यह आयोजन समाजसेवी छगनलाल सुशीला देवी टोंग्या परिवार की ओर से श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ आयोजित किया जा रहा है। मंदिर के प्रमुख राजेन्द्र कुमार गंगवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि भक्तामर स्तोत्र में कुल 48 काव्य (श्लोक) हैं, और इन्हीं के अनुरूप 48 दिनों तक अखण्ड पाठ का आयोजन किया जा रहा है। यह अनुष्ठान केवल धार्मिक परंपरा ही नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, आध्यात्मिक उन्नति और सम्यक दर्शन की प्राप्ति का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने बताया कि इस अखण्ड पाठ का उद्देश्य अपावनता से पावनता की ओर अग्रसर होना, जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना तथा आत्मा से परमात्मा बनने की साधना को साकार करना है। भीलवाड़ा में इस ऐतिहासिक आयोजन को लेकर दिगम्बर समाज में उत्साह और उल्लास का माहौल देखा जा रहा है।

# निंबाहेड़ा में पेयजल सुधार को 2.23 करोड़ की मंजूरी, 5 योजनाओं से गांवों को राहत

### पाइपलाइन बदलने, पंपसेट और ट्यूबवेल कार्य स्वीकृत; लंबे समय की जल समस्या सुलझाने की पहल

FAIR REPORT



निंबाहेड़ा- पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी की अनुशंसा पर क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (PHED) ने करीब 2 करोड़ 23 लाख रुपए के कार्यों को प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति दी है। मुख्य अभियंता (ग्रामीण), पीएचईडी राजस्थान जयपुर द्वारा जारी स्वीकृति के अनुसार जेजेवाई योजनाओं के तहत पुराने व क्षतिग्रस्त पाइपलाइन बदलने, सबमर्सिबल पंपसेट प्रतिस्थापन और ट्यूबवेल निर्माण के कुल 5 प्रस्ताव मंजूर किए गए हैं। स्वीकृत कार्यों में जेजेवाई सतखंडा में पाइपलाइन बदलने व पंपसेट प्रतिस्थापन के लिए 49.09 लाख रुपए, जेजेवाई लसडावन में पाइपलाइन बदलने के लिए 49.33 लाख रुपए, जेजेवाई जलिया में पाइपलाइन बदलने के लिए 49.98 लाख रुपए, जेजेवाई बांगेड़ा घाटा में पाइपलाइन व पंपसेट प्रतिस्थापन के लिए 45.38 लाख रुपए तथा जेजेवाई कनेरा में पाइपलाइन, पंपसेट और ट्यूबवेल निर्माण के लिए 29.60 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं।विधायक श्रीचंद कृपलानी ने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का आभार जताते हुए कहा कि राज्य सरकार क्षेत्र के विकास और जनसुविधाओं को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि कार्य शीघ्र पूरे होने पर आमजन को राहत मिलेगी और जल संकट में कमी आएगी। पेयजल व्यवस्था सुधार के लिए पूर्व विधायक अशोक नवलखा, निवर्तमान जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर, निवर्तमान प्रधान बगदीराम धाकड़, पूर्वी मंडल अध्यक्ष अशोक जाट, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह शक्तावत, कनेरा मंडल अध्यक्ष जुगलकिशोर धाकड़ सहित जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने विधायक कृपलानी का आभार व्यक्त किया है।

### नहीं दी थी लाइफ जैकेट: एसपी बोले-मौके पर पुलिस जाब्ता तैनात, नाविक फरार

# नाव पलटी, बच्चे समेत 2 लापता, 9 को बचाया

FAIR REPORT

**बांसवाड़ा**



जिले में माही नदी में नाव अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें 11 लोग सवार थे, नाविक सहित 9 लोग तैरकर सुरक्षित बाहर निकल आए। 8 साल का बच्चा और एक युवक लापता है। हादसा अरथूना थाना क्षेत्र में पांचवाड़ा पंचायत के भैंसाउ गांव में मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे हुआ। घटना की सूचना मिलते ही अरथूना पुलिस ने रेस्क्यू अभियान शुरू किया। प्रशासन ने तुरंत स्थानीय गोताखोरों और सिविल डिफेंस टीम को बुलाया। जयेश (21) पुत्र कचरा और मानव (8) पुत्र नाथू की तलाश शुरू की। डीएसपी बाबूलाल रैगर ने बताया- अंधेरा होने से सर्च ऑपरेशन बंद कर दिया गया है। यह करीब 4:30 घंटे तक चला। बुधवार सुबह जल्दी फिर से सर्च ऑपरेशन चलाया जाएगा। मानव को छोड़कर नाव सवार सभी लोग अरथूना थाना क्षेत्र के गांव भानो का पाड़ा के रहने वाले हैं। मानव मोटा गांव थाना क्षेत्र के गांव चंदूजी का गढ़ा का निवासी है। वे संगमेश्वर महादेव मंदिर घूमने आए थे। मंदिर दर्शन करने के बाद सभी माही नदी में बोटिंग के लिए जा रहे थे। किनारे से 200 मीटर अंदर नदी में जाने पर नाव पलट गई। हादसे के बाद नाविक फरार है। जानकारी के अनुसार, नाव में यात्रियों को लाइफ जैकेट नहीं दी गई थी। इसके कारण किसी ने भी लाइफ जैकेट नहीं पहनी थी। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण क्षमता से ज्यादा लोगों का नाव में सवार होना भी बताया जा रहा है। डीएसपी बाबूलाल रैगर ने बताया- अंधेरा होने से सर्च ऑपरेशन बंद कर दिया गया है। यह करीब 4:30 घंटे तक चला। बुधवार सुबह जल्दी फिर से सर्च ऑपरेशन चलाया जाएगा। हालांकि मौके पर SDRF की टीम को पहुंचना था, लेकिन वह देर शाम तक नहीं पहुंच पाई। ऐसे में सुबह सिविल डिफेंस और SDRF दोनों का संयुक्त रेस्क्यू ऑपरेशन चलेगा। नदी में लापता मानव के चाचा राजेश ने बताया- मानव की एक छोटी और एक बड़ी बहन है। वहीं जयेश की 3 बड़ी और एक छोटी बहन है। हादसे से पहले नाव में सवार युवकों ने सेल्फी भी ली। इसके बाद नाव में पानी भरने लगा और वह एक तरफ से डूबने लगी। डीएसपी बाबूलाल रैगर ने बताया- नाव पानी में पूरी तरह से डूबी हुई है। वह अभी मिली नहीं है। उसे भी तलाश कर रहे हैं। जहां घटना हुई है, वहां से इन लोगों का गांव 6 से 7 किलोमीटर दूर है। डीएसपी बाबूलाल रैगर ने बताया- नदी में डूबा 8 साल का मानव मोटा गांव थाना क्षेत्र के गांव चंदूजी का गढ़ा निवासी है। वह मामा लालशंकर के घर गर्मियों की छुट्टी में घूमने के लिए आया था। जब वह परिवार के लोगों के साथ नाव में था तो उसके मामा नदी किनारे खड़े थे। घटना की सूचना मिलते ही गढ़ी डीएसपी बाबूलाल रैगर और अरथूना पुलिस का जाब्ता मौके पर पहुंचा। रेस्क्यू अभियान शुरू किया। प्रशासन ने तुरंत स्थानीय गोताखोरों और सिविल डिफेंस की टीम को बुलाया गया।

#### देर रात तक चला सर्च अभियान

एसपी सुधीर जोशी ने बताया- मौके पर पुलिस जाब्ता तैनात है। पानी में लापता हुए युवक और बच्चे की तलाश की जा रही है। ग्रामीण और गोताखोरों की भी मदद ली गई है। चार घंटे बाद भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। घटनास्थल पर पुलिस और सिविल डिफेंस की टीमों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद हैं। डीएसपी बाबूलाल रैगर का कहना है कि अंधेरा होने तक सर्च ऑपरेशन जारी रखेंगे। दो नावों में करीब 10 लोगों की टीम सर्च कर रही हैं। पूरा प्रयास है कि नदी में डूबे दोनों व्यक्ति सकुशल मिल जाए। रेस्क्यू ऑपरेशन की रफ्तार बढ़ाने के लिए सिविल डिफेंस की टीमों के अलावा स्थानीय मछुआरों और गोताखोरों की भी मदद ली जा रही है। पुलिस का कहना है- जहां हादसा हुआ, वह माही नदी का क्षेत्र है। यहां 3 नदियों माही, अनास और जाखम का संगम होता है। संगम क्षेत्र होने के कारण यहां भगवान महादेव का प्राचीन मंदिर भी है, जिसे संगमेश्वर महादेव मंदिर कहते हैं।

### पानी के एक कनेक्शन के लिए फोर्स लगानी पड़ी



**अलवर।** शहर में भारी पुलिस बल की मौजूदगी में पानी का एक कनेक्शन किया गया। कॉलोनी के दूसरे लोग इस कनेक्शन का विरोध कर रहे थे। जिसके चलते एक साल से काम रुका हुआ था। अब कलेक्टर के आदेश के बाद काम पूरा किया गया। घटना लाल डिग्गी चौराहे पर हरदेव कॉलोनी की मंगलवार की है। पीड़ित परिवार की महिला संध्या शर्मा ने बताया- 1 साल से हमारे घर में पानी नहीं आ रहा था। मई 2025 में जब सड़क बनी, तब हमारी पाइप तोड़ दी गई। जलदाय विभाग के अधिकारियों के पास गए। उन्होंने भी कोई सुनवाई नहीं की। अब पूरा पाइप टूट गया। घर में पानी आना बंद हो गया। इससे पूरा परिवार परेशान है। मोहल्ले के लोग चाहते थे कि नया कनेक्शन नहीं लगे। पहले से जिस लाइन में कनेक्शन है, उसी से सप्लाई हो। विभाग नई लाइन से कनेक्शन करने लगा तो लोगों ने विरोध किया।

### किसान नेता उदयलाल आंजना का जन्मदिन सेवा कार्यों के साथ मनाया, कांग्रेसजनों ने दी शुभकामनाएं

#### गौशालाओं में चारा, जरूरतमंद बच्चों को सामग्री वितरण; संगठन मजबूती का संदेश

FAIR REPORT



**चित्तौड़गढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी ने पूर्व कैबिनेट मंत्री और किसान नेता उदयलाल आंजना का जन्मदिन सेवा कार्यों के साथ मनाया। कार्यक्रम जिला अध्यक्ष प्रमोद सिसोदिया की मौजूदगी में आयोजित हुआ, जहां गौशालाओं में गायों को हरा चारा खिलाया गया और जरूरतमंद बच्चों को पैकेट वितरित किए गए। जिला महामंत्री अहसान पठान ने बताया कि कांग्रेस कार्यकर्ता आंजना के पैतृक गांव भी पहुंचे, जहां गौशाला में चारा डाला गया। इसके बाद निंबाहेड़ा क्षेत्र में उनका साफा और उपरना पहनाकर स्वागत किया गया और दीर्घायु की कामना की गई। इस मौके पर उदयलाल आंजना ने कहा कि देश और प्रदेश में अमन-शांति बनी रहे और सभी मिलकर विकास की दिशा में आगे बढ़ें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और आने वाले निकाय, पंचायतीराज व विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को मजबूत बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिले के कांग्रेस पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, युवा, महिला और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रमुख रूप से दिनेश गुर्जर, रफीक खान, दिनेश शर्मा, लक्ष्मण सिंह सांखला, शिल्पन साहू, संजय राव, महावीर नागौरी, कैलाश भूतड़ा, अजय लोट, चक्षु शर्मा, अनिल सेठी, गोटू अली, मकसूद अली, खुमेंदर गुर्जर, शुभम शर्मा, युवराज सिंह, राजा शेख, मोहसिन खान सहित सैकड़ों कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### लग्जरी कार में मिला 37 लाख का डोडा-चूरा, पुलिस ने 2 को नाकाबंदी कर दबोचा

FAIR REPORT

**भीलवाड़ा**




जिला पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पंजाब के दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए अपनी लग्जरी कार पर पुलिस का लोगो और फर्जी नंबर प्लेट लगाकर तस्करी कर रहे थे। पुलिस ने उनके कब्जे से करीब 37 लाख रु. के मूल्य का 246 किलो 620 ग्राम अवैध अफीम डोडा-चूरा, एक अवैध पिस्टल, दो मैगजीन और 21 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस और विशेष टीम को यह सफलता मिली। 4 मई को पुख्ता सूचना पर थानाधिकारी स्वागत पाण्ड्या ने एनएच स्थित केसरगंज कट पर नाकाबंदी की थी। इसी दौरान लाडपुरा की ओर से आ रही एक संदिग्ध अल्काजार कार को रुकवाकर तलाशी ली गई। उसमें 13 कट्टों में भरा 246 किलो से अधिक डोडा-चूरा बरामद हुआ। इसके साथ ही तस्करों के पास से हथियार और भारी मात्रा में जिंदा कारतूस भी मिले। पकड़े गए आरोपी तकदीर सिंह (27) और दलजीत सिंह (37) दोनों बरनाला जिले के निवासी हैं।पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त लग्जरी कार को जब्त कर आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ सड़कों पर उतरे मजदूर, सभी के पास वैध आईडी-एड्रेस प्रूफ!

# किरोड़ी बोले- फैक्ट्री के मकान आपके थे, आपके ही रहेंगे

FAIR REPORT

**सवाई माधोपुर**





जिले में मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के खिलाफ सीमेंट फैक्ट्री कॉलोनी के मकानों में रहने वाले परिवारों ने प्रदर्शन किया। साहू नगर स्थित सीमेंट फैक्ट्री कॉलोनी से जुलूस के रूप में बड़ी संख्या में मजदूर और अन्य लोग मुख्य बाजार होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और नारेबाजी की। इसके बाद एडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शनकारियों ने ज्ञापन में बताया कि सीमेंट फैक्ट्री के मकानों पर मालिकाना हक यहां रह रहे मजदूरों और उनके परिवारों का है, जो पिछले पचास सालों से इन मकानों में रहकर इनकी देखभाल और मरम्मत करवा रहे है। इन सभी लोगों के पास सभी वैध आईडी और एड्रेस प्रूफ है। साथ ही राज्य सरकार का अलॉटमेंट लेटर है, जिसमे ये मकान साल-2007 में ही उनके नाम कर दिए गए थे। जिस पर तत्कालीन समय के सीमेंट फैक्ट्री मैनेजमेंट जीडीसीएल ने सुप्रीम कोर्ट को गुमराह करके मजदूर यूनियन की मदद से गलत तथ्य पेश करते हुए स्टे ले लिया था। इस दौरान प्रदर्शनकारी मजदूरों को कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने मोबाइल फोन पर सभी को संबोधित किया। उन्होंने लाउडस्पीकर पर कहा कि आपकी इस सच्चाई और हक की लड़ाई में हम आपके साथ है। किसी भी मजदूर को परेशान होने की जरूरत नहीं है। इस पर जल्द मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई जाएगी। इस मौके पर कृषि मंत्री ने कहा कि यह मकान आपके थे और आपके ही रहेंगे। इसके पूरे सबूत और प्रमाण हमारे पास है। इस मौके पर शशांक सारस्वत, पल्लव परीक, प्रशांक, संजय, अनिल शर्मा, प्यारे लाल, मोनी भाई, गफ़ूर ख़ान और हजारों कॉलोनीवासी जुलूस में शामिल रहे।

### बॉयफ्रेंड बना हत्यारा, दो जनों को उम्रकैद

**चित्तौड़गढ़।** प्रेमिका से शादी करने के लिए बॉयफ्रेंड हत्यारा बन गया। प्रेमिका कहने पर उसके भाई का मर्डर कर दिया। इसके बाद दृश्यम मूवी देखकर हाथ-पैर तारों से बांधकर शव को कुएं फेंक दिया। तीन साल पुराने मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए आरोपी प्रेमी महावीर धोबी और उसके साथी महेंद्र धोबी को हत्या का दोषी माना और उम्रकैद की सजा सुनाई है। वहीं, मृतक की बहन तनीषा उर्फ तनु को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया। 5 दिसंबर 2022 को गंगरार के गढ़ बालाजी मंदिर के पीछे पहाड़ी की ढलान पर बने एक कुएं में एक व्यक्ति का शव मिला था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला। शव की हालत काफी खराब थी और उसका सिर धड़ से अलग था।

# Direct connect with people, quick solutions define Bhajanlal govt: Aakya

### MLA addressed villagers during Gram Rath program; on-the-spot hearing of issues

FAIR REPORT



**Chittorgarh-** MLA Chandrabhan Singh Aakya said the Bhajanlal government has made public service and development its top priority in the last over two years. He said direct communication with people, quick solution of problems and transparent working style have become the identity of the government. He was addressing villagers at Gram Lalji Ka Kheda during the arrival of the "Gram Rath" campaign run by the Information and Public Relations Department. He said development work is being done on priority in villages, with focus on education, better school facilities and student support schemes. In the health sector, free medical camps, vaccination drives and expansion of basic health services are being carried out. Development Officer Samundar Singh said the Gram Rath is spreading awareness about schemes related to agriculture, animal husbandry, dairy, irrigation, industry, energy, revenue and rural development through an LED vehicle and information material. A large number of villagers gathered to get information about government schemes. During the program, MLA Aakya also held a public hearing and solved several local issues on the spot. Many public representatives, party workers and villagers were present on the occasion.

## Sainik School shooting competition: Sanga House wins overall trophy



### Inter-house 10m air rifle and pistol event held with participation from nine houses

FAIR REPORT

**Chittorgarh-** Sainik School Chittorgarh organized an inter-house 10 meter air rifle and air pistol competition on May 4-5 for session 2026-27. The event was held under the guidance of Principal Colonel Anil Dev Singh Jasrotia. Cadets from all nine houses took part in junior and senior categories. The aim was to develop discipline, focus, accuracy and sports spirit, and to identify talented shooters. The competition was conducted as per international shooting rules. In junior pistol, Adhiraj Chahar, Aviraj Singh and Aman Kumar performed best. In senior pistol, Anuj Poonia, Tejas Choudhary and Mohit Choudhary scored top. In junior rifle, Ikshvaku, Rishabh and Aryan performed well, while in senior rifle, Ritik, Nidhish and Puneet Choudhary got top scores. Sanga House won first place and the overall trophy. Badal House came second and Hamir House third. In his speech, the chief guest said shooting is a game of self-control and focus. Winners were awarded trophies and prizes at the end.



Young boys play in a pond to beat the heat on a hot summer day, at Itanda, in Birbhum district, West Bengal, Tuesday.

## Rajasthan cracks down on IVF irregularities; two Udaipur centres suspended

FAIR REPORT

Jaipur : The Rajasthan government has adopted a strict approach to ensure transparency, legal compliance, and ethical standards in IVF centres across the State. Acting on reports of alleged illegal procurement and sale of human eggs, the Medical and Health Department has launched a comprehensive inspection drive and initiated action against violators. Two IVF-related centres in Udaipur have had their registrations suspended with immediate effect after serious irregularities were found in their operations. Principal Secretary (Medical and Health) Gayatri Rathore said that inputs regarding irregularities in IVF centres in Udaipur district prompted swift action. A State-level team, led by the nodal officer for Assisted Reproductive Technology (ART) and surrogacy, was constituted. In addition, three separate teams were formed to conduct surprise inspections of all registered IVF centres in the district.A total of 28 centres were inspected during the drive. On May 2, the State team inspected Amar Ashish Hospital and IVF Centre, where documents related to the ART bank, Level-2 ART clinic, and surrogacy clinic were examined in detail. Serious deficiencies in documentation and compliance were found, leading to the immediate suspension of registrations of all three units.

In another case, Sampat ART Bank in Udaipur was also found to be in violation of regulatory norms, and its registration has been suspended until further orders.

## Protest at Giral Lignite Mines enters 25th day, MLA Ravindra Singh Bhati joins; says fight will continue till justice

# Calls workers' demands valid; raises questions on management, appeals for peaceful protest

FAIR REPORT



**Barmer-** The protest by workers at the main gate of Giral Lignite Mines has continued for 25 days and is now getting stronger. Shiv MLA Ravindra Singh Bhati reached the protest site, giving new support to the . His presence has brought more attention to the issue at administrative and political levels. Bhati sat with the workers and listened to their problems. He said injustice with workers will not be accepted at any cost and called it a fight for rights and respect, not just wages. He praised the workers for continuing their protest in extreme heat and said that land was taken earlier for mining, but local people are not getting proper jobs and rights. He also questioned the removal of workers who have been working for 20 years. The MLA raised issues like lack of safety rules, open mining and dumping in fields. He said the workers' demands—8-hour duty, fair salary, bonus and priority for locals—are fully valid. Bhati warned that if the demands are not fulfilled, the situation may become serious. He also asked workers to keep the protest peaceful. He said clearly, "The fight will continue till justice is given." The protest is still going on, and Bhati is sitting with the workers at the site.

## Strict action in two bribery cases: RUIDP officer and education official convicted, 1-year jail each

### ACB Court Udaipur verdict; both were caught in trap operations

FAIR REPORT



**Chittorgarh-** two separate corruption cases, the ACB Court in Udaipur has convicted former RUIDP Assistant Community Officer Neetu Joshi and education department official Samarth Singh Sansi. Both have been sentenced to 1 year simple imprisonment along with fines. In the first case, Neetu Joshi demanded a bribe of 2000 for providing compensation under a pipeline project of RUIDP. During verification, she was caught red-handed while taking 1000. The court found her guilty under Sections 7 and 13 of the Prevention of Corruption Act and awarded 1 year jail in each section (to run concurrently) and a total fine of 20,000. In the second case, then Development Inspector/Additional Block Education Officer Samarth Singh Sansi demanded 2500 to reappoint a "Vidyarthi Mitra" (para-teacher). The ACB trapped him and recovered the bribe amount. The court sentenced him under Sections 7 and 13 to 1 year jail (concurrent) and fined 10,000 in each section. Both cases were investigated by ACB Chittorgarh, and after trial, the Special Court (Prevention of Corruption Act), Udaipur delivered the judgment.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005•
Editor In Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act. **Contact for news or Advertisement Fairreportjaipur@gmail.com**